RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शुक्रवार 19 मई 2023 वर्ष 05 अंक 31 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# देह व्यापार में धकेले गए दो रूसी नागरिक मुक्त कराये, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित तौर पर देह व्यापार में धकेले गए दो रूसी नागरिकों को पुलिस ने छुड़ाया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ठाणे पुलिस के मानव तस्कर रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) के वरिष्ठ निरीक्षक महेश पाटिल ने बताया कि देह व्यापार की गुप्त सूचना मिलने के बाद बुधवार को वागले एस्टेट इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक रेस्तरां पर छापा मारा गया। उन्होंने बताया, ''रेस्तरां से दो रूसी नागरिकों को छुड़ाया गया। एक व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया।''

# महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

## बैलगाड़ी दौड़ के लिए देगी सहायता



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय द्वारा बैलगाड़ी दौड़ को मंजूरी देने वाले संशोधित कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखने के फैसले का बृहस्पतिवार को स्वागत किया और कहा कि वह बैलगाड़ी दौड़ आयोजित करने के लिए सभी प्रकार से सहयोग देगी।

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक के उन संशोधन कानूनों की वैधता बरकरार रखी, जिनके तहत क्रमशः सांडों पर काबू पाने से जुड़े खेल 'जल्लीकट्टू, बैलगाड़ी दौड़ और भैंसों की दौड़ से संबंधित खेल 'कंबाला को मंजूरी दी गई थी। महाराष्ट्र के आबकारी मंत्री शंभुराज देसाई ने निर्णय का स्वागत किया। देसाई ने कहा, '' हम बैलगाड़ी दौड़ आयोजित करने के लिए सभी सहयोग देंगे।

उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि संशोधन अधिनियम तब पारित हुआ था जब वह मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा,'' हम इस बात से बेहद प्रसन्न हैं कि जब मैं राज्य का मुख्यमंत्री था तब लागू किया गया संशोधन अधिनियम तथा अदालतमें पेश की गई रिपोर्ट कि बैल दौड़ने वाला जीव है को शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा है। इससे राज्य भर में बैलगाड़ी दौड़ आयोजित करने का रास्ता साफ हुआ है।

फडणवीस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक महेश तथा पार्टी के विधान परिषद सदस्य गोपीचंद पडलकर ने कानूनी विजय सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए। राज्य के राजस्व और पशुपालन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला किसानों की जीत है।

उन्होंने एक बयान में कहा कि दौड़ दोबारा शुरू करने के लिए 12 वर्ष पहले कानूनी लड़ाई शुरू की गई थी। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। मंत्री ने कहा कि बैलगाड़ी दौड़ ग्रामीण इलाके के लोगों की भावनाओं से जुड़ा है और यह रोजगार पैदा करने वाली पहल है। इस दौड़ पर 2011 में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# बर्बरता की हद!

## नशे के आदी व्यक्ति की बाप, भाई और बेटे ने ही पीट-पीटकर ले ली जान

## हत्या के बाद शव को जलाया




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल 35 वर्षीय बेटे की शराब की लत से परेशान परिवार ने ही उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के बाद शव को जला दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

**परिजनों ने पीट-पीटकर मार डाला**

पुलिस का कहना है कि प्रथमद्दष्टया ऐसा लग रहा है कि परिवार ने ही युवक की हत्या की है। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के जालना की अंबड़ तालुका में रहने वाले युवक की 15 मई को अपने परिजनों से किसी बात को लेकर खेतों पर बहस हुई थी। बहस हाथापाई तक पहुंची और युवक के पिता, भाई और बेटे ने ही उसे बुरी तरह पीट दिया। पिटाई से युवक की मौत हो गई।

जब परिजनों को पता चला कि उसकी मौत हो गई है तो उन्होंने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए उसके शव को जला दिया। हालांकि पुलिस की जांच में परिजन पकड़े गए। परिजनों ने बताया कि मृतक शराब और गांजे का आदी था और उसकी इस आदत से पूरा परिवार परेशान था। पुलिस ने आरोपियों को हत्या और सबूत मिटाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# शख्स ने प्यार का झांसा देकर की सगाई और सेक्स, अब दूसरी लड़की से किया ब्याह



**ठाणे:** धोके की कई खबरें सामने आती है जिसे पढ़कर हम भी दंग रह जाते है। हाल ही में कुछ ऐसी ही एक खबर ठाणे से सामने आई है जो होश उड़ा देने वाली है। दरअसल एक शख्स ने एक युवती से सगाई की और दूसरी युवती से शादी की है। अब इस मामले में दूल्हे को सीधे थाने ले जाया गया।

**दुष्कर्म और धोखाधड़ी मामला**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके की है और इस मामले में विष्णु नगर पुलिस ने दूल्हे समेत उसके माता-पिता के खिलाफ दुष्कर्म और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी शख्स का नाम सिद्धार्थ शिंदे है।

**शादी का झांसा और सेक्स**

आपको बता दें कि सिद्धार्थ शिंदे की चार साल पहले एक शादी के दौरान उसकी मुलाकात पीड़िता से हुई थी। उसने पीड़ित लड़की के माता-पिता से शादी के लिए बातचीत करने का झांसा दिया। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन उसने उससे शादी करने के बजाय दूसरी लड़की से शादी कर ली।

**एक से सगाई दूसरी से शादी**

जैसा कि हमने आपको बताया डोंबिवली के रहने वाले युवक सिद्धार्थ शिंदे ने चार साल पहले एक रिश्तेदार की शादी में पीड़िता को देखा था। वहां उसे उससे प्यार हो गया। सिद्धार्थ ने अपने माता-पिता से चार साल पहले पीड़िता लड़की से सगाई करने की बात कही थी। उसके बाद चार साल तक वह उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

# महाराष्ट्र के ठाणे में अवैध रूप से रह रहे थे बांग्लादेशी नागरिक, चार महिलाओं समेत 11 लोग गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे और रायगढ़ जिलों में अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेश के 11 नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें चार महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये गिरफ्तारियां बुधवार शाम और बृहस्पतिवार तड़के की गईं। ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता बताया कि बांग्लादेश के इन नागरिकों को रायगढ़ जिले में पनवेल के पास कामोठे और ठाणे जिले के भिवंडी तालुका के नारपोली से गिरफ्तार किया गया है।

**चार महिलाओं को भी किया गया गिरफ्तार**

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए नवी मुंबई के मानव



तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने कामोठे में एमजीएम अस्पताल के पीछे कुछ रिहायशी परिसरों पर छापे मारे और चार महिलाओं समेत आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि वे पिछले तीन महीने से वहां रह रहे थे और छोटे-मोटे काम कर रहे थे तथा उनके पास देश में आने का कोई वैध दस्तावेज नहीं था।

**एक साल से अलग- अलग कारखानों में कर रहे थे काम**

उन्होंने बताया कि इसी तरह स्थानीय पुलिस ने भिवंडी के मनकोली क्षेत्र के एक इलाके में छापा मारा और बांग्लादेश के तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया जो करीब एक साल से अलग- अलग कारखानों में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि उनके पास भी वैध दस्तावेज नहीं थे और उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट कानून और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियमों के तहत कामोठे और नारपोली थानों में मामला दर्ज किया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### परीक्षा की कसौटी...

आजकल परीक्षा परिणामों का वक्त है। केंद्रीय व राज्य शिक्षा बोर्डों के परीक्षा परिणामों का दौर जारी है। हर साल पुराने शीर्षकों की अखबारों में पुनरावृत्ति होती है। फिर लड़कियों ने बाजी मारी। इस बार भी लड़के पिछड़े। फलां श्रमिक व कामगार का बेटा अव्वल आया। कमोबेश ऐसा हर साल ही दोहराया जाता है। संभव है कभी इन श्रेणियों व प्रतिशत को तय करने का मकसद स्वस्थ प्रतियोगिता विकसित करना रहा होगा। वक्त बदला है, इंटरनेट व मोबाइल संस्कृति के दौर में बच्चे अब सब कुछ फटाफट चाहते हैं। बाजार की शक्तियों ने मुनाफे के हथकंडों से समाज में उम्मीदों का उफान पैदा किया है। अब अपनी क्षमताओं और परिस्थितियों का संज्ञान लिये बिना सफलता फटाफट चाहिए। जब ये आसमानी आकांक्षाएं पूरी नहीं होती तो आत्मघात की राह पर चल पड़ते हैं। यही वजह है कि परीक्षा परिणामों की आपाधापी के बीच दिल्ली से लेकर देश के दूरदराज के इलाकों में आत्महत्या की खबरें आने लगती हैं। इस बार भी आई। देश के कोने-कोने से ऐसी खबरें हर साल आती हैं। लेकिन यह मुद्दा कभी राजनेताओं के लिये चुनावी मुद्दा नहीं बनता। इस स्थिति के लिये समाज भी कम जिम्मेदार नहीं है। ऐसे माता-पिताओं की संख्या भी कम नहीं जो अपने जीवन की असफलता का बोझ बच्चों पर डाल कर अप्रत्याशित की उम्मीद करते हैं। एक स्कूल की एक कक्षा का हर विद्यार्थी अपने में अलग होता है। उसकी शिक्षा ग्रहण करने, लिखने, पढ़ने और गुनने की क्षमता अलग-अलग होती है। जिसमें उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि,परिवेश व परवरिश की अलग से भूमिका होती है। फिर आज के इंटरनेट व मोबाइल संस्कृति के दौर में भटकाव के तमाम खतरे हैं। दरअसल, आज एक छात्र को शिक्षक व अभिभावकों के इतर पढ़ाने वाले तमाम ऐसे माध्यम हैं जो सिर्फ व्यावसायिक उद्देश्य के लिये बच्चों को भ्रमित करते हैं। वहीं स्कूल-कालेजों का स्तर, शिक्षकों की गुणवत्ता और भाषा माध्यम भी फर्क डालता है। केंद्रीय शिक्षा बोर्डों का पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली और उदारता पूर्वक नंबर देना, राज्यों के शिक्षा बोर्डों से बिल्कुल भिन्न है। बहरहाल, हम छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से तैयार नहीं कर पाते कि परीक्षा में कम नंबर लाना और असफल होना जीवन का अंत नहीं है। यह कोशिश न तो अभिभावकों की तरफ से होती नजर आती है और न ही शिक्षकों की तरफ से। निस्संदेह, जीवन एक दरवाजा बंद होने पर संभावना के कई द्वार खोल देता है। हमें याद करना चाहिए कि देश-दुनिया में कई ऐसे छात्र हुए जो परंपरागत शिक्षा माध्यम में कुछ खास नहीं कर पाये,लेकिन जीवन में उन्होंने शिखर की सफलता हासिल की। हमारे सत्ताधीशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए कि एनबीसी के आंकड़ों में आत्महत्या करने वालों में छात्रों का प्रतिशत निरंतर बढ़ा है। केवल स्कूल-कॉलेजों के छात्र ही नहीं- आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम के छात्रों में भी आत्महत्या करने वालों का प्रतिशत बढ़ा है। हम मंथन करें कि किसी नाकामी को छात्र जीवन का अंत क्यों समझने लगते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# तुलिंज पुलिस स्टेशन के पीएसआई को एंटी करप्शन की टीम ने पकड़ा



**वसई :** ठाणे एंटी-रिश्वत दस्ते ने मीरा- भाईंदर वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट के तहत तुलिंज पुलिस स्टेशन के पुलिस सबइंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है,जिन्होंने गिरफ्तारी से पहले जमानत दिलाने में मदद करने के लिए 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत मांगने वाले पीएसआई की पहचान पुलिस उपनिरीक्षक रामचंद्र दत्तात्रय शेंडगे के रूप में हुई है,जो तुलिंज पुलिस स्टेशन में कार्यरत था। शिकायतकर्ता के खिलाफ तुलिंज थाने में मामला दर्ज है,उस अपराध में शिकायतकर्ता को गिरफ्तारी पूर्व जमानत दिलाने में मदद करने के लिए,पुलिस सबइंस्पेक्टर रामचंद्र दत्तात्रय शेंडगे 27 मार्च 2023 को एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी,चूंकि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने ठाणे एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई। प्राप्त शिकायत का सत्यापन किया गया तो पता चला कि पीएसआई रामचंद्र शेंडगे ने एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी इसलिए उनके खिलाफ रिश्वत मांगने (ठाणे एसीबी ैप) के आरोप में रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है। उपरोक्त कार्रवाई ठाणे जोन के पुलिस अधीक्षक सुनील लोखंडे,अपर पुलिस अधीक्षक अनिल घेरडीकर, पुलिस उपाधीक्षक माधवी राजेकुंभार, पुलिस हवालदार खान,पुलिस हवालदार गायकवाड ओर महिला पुलिस हवालदार तेटाबे की टीम ने 16 मई 23 को रात के समय यह कार्रवाई की है। पालघर जिले में 1 जनवरी 2023 से लेकर अबतक पालघर एंटी करप्शन द्वारा रिश्वतखोरी के 5 मामले दर्ज किये है। 8 रिश्वतखोरो को पकड़ा है। जिसमे (1).माण ग्रामपंचायत सदस्य 1 प्लस प्राइवेट शख्स 1,(2). वाडा फॉरेस्ट -2, (3).पेल्हार फॉरेस्ट -1,(4).पालघर तलाठी -1,(5).मीरा - भाईदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय लिपिक-2 शामिल है।

## हजारों रुपये के गांजा के साथ महिला गिरफ्तार...



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच २ वसई युनिट ने एक ५५ वर्षीय महिला को हजारों रुपये गांजा के साथ पकड़ा है,और उसके खिलाफ पेल्हार पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है ।मिली जानकारी के अनुसार,१६ मई को मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग रोड,पेल्हार-वंगनपाडा, सर्विस रोड स्थित क्राइम ब्रांच युनिट २ की टीम ने एक ५५ वर्षीय (मिरावती शिवचंद्र झा ) महिला को गांजा विक्री करते हुए पकड़ा। पुलिस के अनुसार, महिला के पास से ४०० ग्राम वजन गांजा (कीमत-१०,००० रुपये) बरामद किया है।

# साकीनाका में टिकट दलाली का भंडाफोड़, अलीम गिरफ्तार



**मुंबई :** पश्चिम रेलवे विजिलेंस विभाग ने मुंबई के व्यस्त साकीनाका इलाके में जाल बिछाकर टिकट दलाली का भंडाफोड़ करते हुए एक दलाल को पकड़ा है। छुट्टियों के मौसम में टिकटों की बढ़ती डिमांड के बीच यह फर्जी धंधा फल-फूल रहा था। अवैध गतिविधि में शामिल अपराधी लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए ज्यादा कीमत पर कन्फर्म टिकट उपलब्ध करवाकर आरक्षित टिकटों की कमी का फायदा उठा रहे थे।

१५ मई, २०२३ को चलाए गए ऑपरेशन के दौरान विजिलेंस टीम ने अलीम नामक एक व्यक्ति को रंगेहाथों पकड़ा, जिसके पास से १,०४,००० रुपए मूल्य के टिकट थे। अलीम को अंधेरी में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सौंप दिया गया और उसके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा-१४३ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

असली नहीं, बल्कि नॉर्मल प्रिंटर में छपे नकली टिकट थे। इस गिरोह का मास्टरमाइंड, अफजल अभी भी फरार है। इस स्थिति से निपटने और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए सतर्कता विभाग और आरपीएफ के सदस्यों की एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है। टिकट की ज्यादा मांग के कारण तत्काल टिकट देशभर के दूरस्थ स्थानों से तैयार किए गए थे, जिसके बाद टिकट को मुंबई में एजेंटों को पहुंचाया जाना था। ओरिजनल टिकटों को एक दिन के भीतर पहुंचानेवाली चुनौतियों के कारण एजेंटों ने इन टिकटों को जनरल प्रिंटर पर प्रिंट करने का पैष्ठसला लिया। एजेंट इन नकली टिकटों को यात्रियों के बीच ज्यादा दाम लेकर पहुंचाते थे।

# साल दर साल बढ़ती जाएगी गर्मी की तपिश



**मुंबई :** लगभग पूरी दुनिया इस समय सूर्य की तपिश से परेशान है। अब खतरे की बात यह है कि यह तपिश साल दर साल बढ़ती जाएगी। तपिश इतनी बढ़ जाएगी कि गर्मी से आपका बदन जल जा सकता है। अगले पांच वर्षों में गर्मी और ज्यादा पड़नेवाली है।

बता दें कि बुधवार को संयुक्त राष्ट्र ने ग्रीनहाउस गैसों और अलनीनो के संयोजन से तापमान में और वृद्धि की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा है कि वैश्विक तापमान जल्द ही पेरिस जलवायु समझौते में निर्धारित किए गए लक्ष्य को पार करने करीब है। अब तक के सबसे गर्म आठ साल २०१५ से २०२२ के बीच दर्ज किए गए थे। लेकिन जलवायु परिवर्तन में तेजी आने से तापमान में और वृद्धि होने का अनुमान है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, '९८ प्रतिशत संभावना है कि अगले पांच वर्षों में कम-से-कम एक साल की अवधि में रिकॉर्ड स्तर की गर्मी दर्ज की जाएगी ।ग्लोबल वॉर्मिंग १८५० और १९०० के बीच मापे गए औसत स्तर से दो डिग्री सेल्सियस ऊपर हो सकता है। साल २०२२ में वैश्विक औसत तापमान १८५०-१९०० के औसत से १.१५ डिग्री अधिक था। रिपोर्ट के अनुसार ६६ प्रतिशत संभावना बन रही है कि वार्षिक वैश्विक सतह का तापमान साल २०२३-२०२७ के बीच कम-से-कम एक वर्ष के लिए पूर्व औद्योगिक स्तर से १.५ डिग्री सेल्शियस अधिक हो जाएगा। इन पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिए १.१ डिग्री सेल्शियस से १.८ डिग्री सेल्शियस की सीमा का अनुमान लगाया गया है।

इसका मतलब यह नहीं है कि दुनिया स्थायी रूप से पेरिस बेंचमार्क को पार कर जाएगी। एजेंसी के प्रमुख पेटेरी तालस ने कहा, 'डब्ल्यूएमओ के लिए खतरे का अलार्म बज रहा है कि हम अस्थायी आधार पर १.५ डिग्री सेल्शियस के स्तर को पार कर जाएंगे।'




# प्रदूषण पर लगाम लगाने हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल करेगी मनपा

## 5 जगह पर लगेंगे डस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम और आउटडोर डस्ट मिटिगेशन यूनिट

**मुंबई:** मुंबई में वायु प्रदूषण मुंबई में एक बड़ी चुनौती बन गया है। मनपा प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए मनपा ने भीड़भाड़ वाले 5 स्थानों पर डस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम और आउटडोर डस्ट मेटिगेसन यूनिट लगाने का फैसला लिया है। मनपा यूनिट लगाने पर लगभग 11 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि मुंबई में धुल का प्रदूषण इस साल कुछ ज्यादा ही बढ़ा है। प्रजा फाउंडेशन ने अभी हाल में अपनी रिपोर्ट में मुंबई में बढ़ते धुल प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की है।

मुंबई में दिल्ली से अधिक प्रदूषण पहुंच गया था। इस समस्या से निपटने के लिए मनपा ने एक कमेटी स्थापित की थी। मनपा ने वार्ड स्तर पर भी कमेटी बनाई है।



मनपा प्रशासन अब धुल प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए डस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम और आउटडोर डस्ट मिटिगेशन यूनिट लगाने का निर्णय लिया है जिसके लिए मनपा ने मुंबई में पांच स्थान चुने हैं उसमें बांद्रा-पूर्व में कलानगर, मानखुर्द, दहिसर, मुलुंड चेक नाका और हाजी अली जंक्शन शामिल हैं। मनपा द्वारा यूनिट लगाने के लिए ठेकेदार का चयन कर लिया गया है। यूनिट लगाने का काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। इसके जरिए वायु गुणवत्ता की निगरानी रखी जाएगी और वायु प्रदूषण के कारणों का पता लगाया जाएगा। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि एयर मॉनिटरिंग यूनिट के साथ-साथ, फिल्ट्रेशन यूनिट की स्थापना द्वारा हवा में फैले धूल के कणों को नष्ट किया जाएगा। हानिकारक गैसों को फिल्टर किया जाएगा। मनपा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मुंबई क्लाइमेट एक्शन प्लान पर काम किया जा रहा है।अधिकारी ने कहा कि दोनों आधुनिक यूनिट वजन में काफी हल्की होंगी और इन्हें संभालना भी आसान होगा।

- डस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम एक धूल निगरानी प्रणाली है जो हवा में धूल कण के स्तर को बताता है। यह धूल मॉनिटरिंग, माइनिंग डस्ट मॉनिटरिंग, क्वारींग डस्ट मॉनिटरिंग, थर्मल पावर प्लांट डस्ट मॉनिटरिंग, सीमेंट फैक्ट्री डस्ट मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर धूल के स्तर की निगरानी में मदद करता है।

# कृषि, पशुसंवर्धन दुग्ध व्यवसाय विभाग के 500 से अधिक कर्मचारियों का ट्रांसफर

**मुंबई :** कोरोना काल के बाद सरकारी कर्मचारियों का ट्रांसफर का सत्र शुरू हो गया है। गत सोमवार को कृषि, पशुसंवर्धन दुग्ध व्यवसाय विभाग के तकरीबन ५०० से अधिक कर्मचारियों का एक दिन में ट्रांसफर किया गया है। राज्य सरकार के कुल ३२ विभागों में ट्रांसफर को लेकर भागदौड़ शुरू है। असल में वर्तमान सरकार कब गिर जाएगी, इस डर से मंत्री कार्यालय के प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारी सुरक्षित विभाग में बदली करवाने की सेटिंग में जुटे हैं।

सरकार की नीति के अनुसार एक विभाग तीन वर्ष से अधिक सेवा नहीं दे सकते हैं। सरकारी कर्मचारियों की आम तौर पर अप्रैल और मई महीने में बदली होती है। चूंकि जून महीने से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है। सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को स्कूल-कॉलेज में एडमिशन लेने में आसानी होती है। परंतु कोरोना काल में ट्रांसफर नहीं करने का आदेश



सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया था। इसके बाद ट्रांसफर पर लगाए गए प्रतिबंध हटा दिया गया था और अब भारी पैमाने पर बदली की भागदौड़ इन दिनों शुरू है। पिछले दो दिन में नौ से अधिक कर्मचारियों की बदली होने की जानकारी प्राप्त हुई है।

संबंधित विभाग के प्रमुख को ट्रांसफर करने का अधिकार है। इसलिए मंत्री कार्यालय में बदली संख्या बड़ी है। वर्तमान में हो रही बदली में अ, ब और क वर्ग के कर्मचारियों की संख्या अधिक है। इस बार बीस प्रतिशत तक बदली होने का दावा कर्मचारी संगठन ने किया है, जिसमें अनुरोध के ट्रांसफर की संख्या अधिक है।


# १ लाख रुपये रिश्वत मामले में पुलिस सब-इंस्पेक्टर पर कार्रवाई...!



**नालासोपारा :** ठाणे एसीबी ने मीरा-भाईंदर वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट के तहत तुलिंज पुलिस स्टेशन के पुलिस सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है,जिन्होंने गिरफ्तारी से पहले जमानत दिलाने में मदद करने के लिए १ लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

रिश्वत मांगने वाले पीएसआई की पहचान पुलिस उपनिरीक्षक रामचंद्र दत्तात्रय शेंडगे के रूप में हुई है,जो तुलिंज पुलिस स्टेशन में कार्यरत था। सब-इंस्पेक्टर रामचंद्र दत्तात्रय शेंडगे २७ मार्च २०२३ को एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी, इसलिए उसने ठाणे एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई। इसलिए उनके खिलाफ रिश्वत मांगने (ठाणे एसीबी ट्रैप) के आरोप में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है। उपरोक्त कार्रवाई ठाणे जोन के पुलिस अधीक्षक सुनील लोखंडे,अपर पुलिस अधीक्षव अनिल घेरडीकर, पुलिस उपाधीक्षक माधवी राजेकुंभार, पुलिस हवालदार खान,पुलिस हवालदार गायकवाड ओर महिला पुलिस हवालदार तेटाबे की टीम ने यह कार्रवाई की है। वही १ जनवरी २०२३ से लेकर अबतक पालघर एंटी करप्शन द्वारा रिश्वतखोरी के ५ मामले दर्ज किया है,तथा कुल ८ रिश्वतखोरो को पकड़ा है। जिसमे (१).माण ग्रामपंचायत सदस्य १ प्लस प्राइवेट शख्स १,(२). वाडा फॉरेस्ट -२, (३).पेल्हार फॉरेस्ट - १,(४).पालघर तलाठी - १,(५).मीरा - भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय लिपिक-२ शामिल है।

# प्याज उत्पादक किसान परेशान, बिचौलिए मालामाल...



**मुंबई :** महाराष्ट्र में पिछले महीने हुई बेमौसम बरसात के कारण फसल का काफी नुकसान हुआ है। फसल के खराब होने के कारण किसानों को प्याज का उचित दाम नहीं मिल रहा। इसके गिरते रेट के चलते किसान परेशानी में हैं।प्याज उत्पादक किसानों के आंसू रोके नहीं रुक रहे हैं, जबकि बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। हाल यह है कि वाशी की प्याज मंडी में प्याज की कीमतें १ से २ रुपए प्रति किलो तक के निचले स्तर पर आ गई हैं। बता दें कि एशिया की सबसे बड़ी मंडी के रूप में वाशी स्थित मुंबई कृषि उत्पन्न बाजार समिति (एपीएमसी) को पहचाना जाता है। इस मंडी के प्याज मंडी में पहले प्रतिदिन डेढ़ सौ से अधिक प्याज से भरी गाड़ियों की आवक होती थी, लेकिन पिछले महीने हुई बेमौसम बरसात के कारण नासिक में फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। फसल खराब होने के कारण किसान प्याज सुखाकर बाजार में भेज रहे हैं। ऐसे में आवक कम हो रही है। आवक कम होने के कारण कीमतों में लगातार गिरावट हो रही है। पिछले साल भी किसानों को बारिश और बाढ़ ने तबाह किया था और इस साल मंडियों के सिस्टम ने किसानों को कई समस्याओं के बीच प्याज को लागत से भी कम रेट पर बेचना पड़ रहा है। प्याज उत्पादन की लागत प्रति किलो १५ रुपए से अधिक आ रही है, जबकि उन्हें इसका मूल्य औसतन १ से लेकर ८ रुपए तक ही मिल पा रहा है। उत्पादन लागत भी न निकल पाने की वजह से किसानों को प्याज रुला रहा है। किसानों का कहना है कि ऐसा ही हाल रहा तो अब वो प्याज की खेती नहीं करेंगे। प्याज के थोक व्यापारी मनोहर तोतलानी ने बताया कि नासिक में किसान ने फसल को खेत में रखा हुआ था, लेकिन अचानक बेमौसम बारिश की वजह से निकाला गया प्याज सड़ रहा है, इसलिए किसान कम भाव में ही प्याज बेचने को मजबूर हैं। किसानों को अभी भी सही दाम मिलने का इंतजार है।एक किसान ने बताया कि किसानों की एक परेशानी हो तो उसकी बात की जाए एक तो प्याज का सही भाव नहीं मिल रहा है और दूसरे अब स्टोर किए हुए प्याज सड़ रहे हैं। इससे हमें लाखों का नुकसान हो रहा है। किसान ने बताया कि अधिक समय से स्टोरेज किए हुए प्याज पर कीड़ों का असर भी देखने को मिल रहा है। मनोहर तोतलानी ने बताया कि प्याज की आवक कम होने से कीमतों में गिरावट भी आई है। बुधवार को प्याज की ९३ गाड़ियों की आवक हुई, जिसमें गीले प्याज और सूखे प्याज का भी समावेश था।

# दोस्तों के आपसी रंजिश में एक की मौत, दो लोग गंभीर रूप से जख्मी



**वसई :** अचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गाला नगर नागेला तलाव के गेट के पास तीन दोस्तों में आपसी विवाद में हुए खूनी संघर्ष में रौनक तिवारी नामक युवक की मौत हो गई। घायलों में से एक को मुंबई के शताब्दी अस्पताल में दूसरे को नालासोपारा के रिद्धि सिद्धि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अचोले पुलिस व वरिष्ठ अधिकारी व क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक शाहू राज की टीम मामले की जांच में में जुटे हैं. पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।



# ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो ने वनपाल अधिकारी व प्राइवेट कर्मचारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**ठाणे :** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने वसई तालुका के अलग - अलग सरकारी विभागों में रिश्वतखोर अधिकारियों पर कार्रवाई की है ।जिससे अन्य सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है। इसी क्रम में 17 मई को ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों-कर्मचारियों ने वसई फॉरेस्ट विभाग के वनपाल व एक प्राइवेट शख्स को लाखों रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ है,बताया गया है कि शिकायतकर्ता ने अतिरिक्त निर्माण कार्य किया था,जिसपर कार्रवाई न करने के लिए रज्जाक रशिद मन्सुरी (51 वर्ष- वनपाल अधिकारी ) द्वारा दानियाल हाजी खान (52 वर्ष- प्राइवेट शख्स ) के माध्यम से शिकायतकर्ता से 5 लाख रुपये की मांग किया। शिकायतकर्ता ने उपरोक्त रिश्वत को लेकर ठाणे एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई थी । जहाँ एसीबी की टीम ने उपरोक्त मामले की जांच के बाद 17 मई को पहली किश्त 2,50,000 रुपये की रिश्वत की राशि लेते हुए पकड़ा ।दोनों आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया और मांडवी थाने में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7(ए),12 के तहत मामला दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है। यह कार्रवाई अश्विनी संतोष पाटील (पुलिस उप अधिक्षक) ने की है।

# मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को मिला मविआ सरकार को बदनाम करने का इनाम : नाना पटोले




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को शिंदे-फडणवीस सरकार ने महाविकास आघाड़ी (मविआ) सरकार को बदनाम करने का इनाम दिया है। कुछ इसी प्रकार का आरोप पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने भी महाराष्ट्र सरकार पर लगाया है, जिन्हें परमबीर के आरोप के बाद लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा है।

**सरकार ने परमबीर सिंह का किया था तबादला**

शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के घर के पास विस्फोटक लगी एक स्कार्पियो पाए जाने के कुछ दिनों बाद ही सरकार ने तत्कालीन पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह का तबादला कर दिया था। इसके बाद परमबीर ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाए थे। इनमें पुलिस अधिकारियों कि मदद से हर महीने मुंबई के बार और रेस्टोरेंट से 100 करोड़ रुपये की वसूली का आरोप भी शामिल था।

सिंह ने मुंबई हाई कोर्ट में शपथपत्र देकर इन आरोपों को दोहराया भी था। इसके बाद ही हाई कोर्ट ने अनिल देशमुख मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी और जल्द ही ईडी ने भी जांच शुरू कर अनिल देशमुख को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में लगभग साल भर बाद अनिल देशमुख को जमानत मिल सकी है। इस बीच, उद्धव सरकार ने परमबीर सिंह पर भी भ्रष्टाचार के कई आरोपों में उन्हें निलंबित कर दिया था। हाल ही में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के आदेश पर शिंदे-फडणवीस सरकार ने सेवानिवृत्त पुलिस आयुक्त सिंह पर लगे सभी आरोपों को हटा लिए हैं। आरोपों के हटने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले एवं पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने राज्य सरकार पर आरोप लगाए हैं।

# बेकाबू टैंकर बहुजन विकास कार्यालय में घुसा



**वसई :** तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने नियंत्रण खो दिया और सीधे एक राजनीतिक दल के कार्यालय में जा घुसा ।घटना नालासोपारा पूर्व के तुलिंज रोड पर बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई। गौरतलब है कि वसई-विरार शहर में जर्जर अवस्था टैंकर आदि वाहन सड़को पर चलते हुए नजर आ रहे है,लेकिन यातायात पुलिस व आरटीओ विभाग ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने की बजाए चुप्पी साधी हुई है ।मिली जानकारी के अनुसार, संतोष भुवन से नालासोपारा की तरफ पानी का टैंकर आ रहा था। लेकिन अचानक इस टैंकर के ब्रेक फेल हो गए और चालक ने नियंत्रण खो दिया ।सड़क पर राहगीरों को बचाने के प्रयास में टैंकर बिजली के खम्भे को टक्कर मार्ट3 हुए तुलिंज रोड स्थित बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यालय में जा घुसा।

# वनपाल समेत दो रिश्वतखोर रंगे हाथ पकड़े गए

**वसई :** ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने वसई तालुका के अलग - अलग सरकारी विभागों में रिश्वतखोर अधिकारियों पर कार्रवाई की है ।जिससे अन्य सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है। इसी क्रम में १७ मई को ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों-कर्मचारियों ने फॉरेस्ट विभाग के वनपाल व एक अन्य को लाखों रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है, बताया गया है कि शिकायतकर्ता ने अतिरिक्त निर्माण कार्य किया था,जिसपर कार्रवाई न करने के लिए रज्जाक रशिद मन्सुरी (५१ वर्ष- वनपाल ) द्वारा दानियाल हाजी खान (५२ वर्ष-) के माध्यम से शिकायतकर्ता से ५,००,००० लाख रुपये की मांग की, शिकायतकर्ता ने उपरोक्त रिश्वत को लेकर ठाणे एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई,जहाँ एसीबी की टीम ने उपरोक्त मामले की जांच के बाद १७ मई को पहली किश्त २,५०,००० रुपये की रिश्वत की राशि आरोपी दानियाल हाजी खान पंच के समक्ष स्वीकार किया.

# मुंबई मनपा पर होगा भाजपा का कब्जा राकांपा पारिवारिक पार्टी, भाजपा वैचारिक पार्टी : जेपी नड्डा




**मुंबई :** दो दिवसीय दौरे पर महाराष्ट्र आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुंबई के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी कड़ी में पार्टी के विधायक योगेश सागर द्वारा आयोजित पन्ना प्रमुख कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नड्डा ने बिना नाम लिए विपक्षी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) कांग्रेस और राकांपा पर जमकर निशाना साधा। भाजपा अध्यक्ष कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि आगामी मुंबई मनपा के होने वाले चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपना महापौर बनाएगी। इसके लिए आप लोग चुनाव की तैयारी में लग जाइए। नड्डा ने कार्यकताओं से कहा की राजनीति करो संयम होकर करो जिससे पार्टी और खुद को संतुष्टि मिल सके। नड्डा ने कहा कि विधायक योगेश सागर कह रहे हैं कि मनपा में भाजपा का महापौर बनेगा मैं उनको बताना चाहता हूं की मनपा में भाजपा का ही महापौर बनेगा। विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा एक वैचारिक वाली पार्टी है, जबकि कांग्रेस,राकांपा और शिवसेना (यूबीटी) पारिवारिक पार्टी है । अगर कांग्रेस में कोई निर्णय लेना है तो सोनिया और राहुल गांधी से पूछना पड़ेगा जबकि राकांपा में शरद पवार के बिना हवा भी नहीं चलती। वे सबसे बड़े सौभाग्यशाली हैं, जिन्हे भाजपा में काम करने का मौका मिला है ।

वह भी ऐसे समय में जब भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही है। विपक्ष को निशाने पर लेते हुए नड्डा ने कहा कि विपक्ष पार्टियों के पास नीति है तो नियत नहीं है। जिसके पास निति है तो उसके पास नियत नहीं है, जिसके पास नियत और निति है तो उसके पास संगठन नहीं है, लेकिन हमारे पास नियत और निति और संगठन तीनों हैं। भाजपा अध्यक्ष ने पन्ना प्रमुख को सम्बोधन में कहा कि भाजपा ने वो काम किया है, जिसे लेकर विपक्ष हमेशा हम पर वॉर करता रहा है।

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर को लेकर बार- बार विपक्ष हमला बोलता था की मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे। भाजपा ने मंदिर भी बना दिया और तारीख भी बता दिया देश के आजादी के बाद धारा 370 रद्द करने की मांग होती रही यही वो भाजपा है जो धारा 370 को हटाकर दिखा दिया।

# 57 हजार से अधिक रेल आरक्षित ई-टिकट जब्त



**वसई :** आरपीएफ नालासोपारा द्वारा रेलवे टिकटों की कालाबाजारी करने वालो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम छेड़ रखी है। नतीजतन लाखों रुपये की रेलवे आरक्षित ई-टिकिट जप्त कर चुके है।

इसी कड़ी में आरपीएफ नालासोपारा द्वारा नालासोपारा पूर्व इलाके में रेड कर,एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया व उसके पास से ५७ हजार से अधिक का टिकट जप्त किया है। जानकारी के अनुसार,१६ मई को आरपीएफ नालासोपारा के स.उप.निरीक्षक भगवान सिंह गुर्जर साथ हेड कॉन्स्टेबल जगदीश पाटिल,हेड कॉन्स्टेबल राकेश सिंह,कांस्टेबल टीकम सिंह सर्विलेंस के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अख्तर आजम अली शैख उम्र २८ वर्ष निवासी-तुलिंज रोड नालासोपारा पूर्व को ५ नग लाईव रेल आरक्षित ई-टिकट कीमत २४१२२/+१२ नग यूज रेल आरक्षित ई-टिकट कीमत ३३५५०/ कुल कीमत ५७६७२ रुपए व्यक्तिगत आईडी से अपने सहयोगी से छापकर जरूरतमंदों को ८०० रुपये से १००० रुपये प्रति व्यक्ति अधिक कमीशन लेकर बेचना बताया, उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को रेलवे न्यायालय वसई रोड के समक्ष पेश किया गया।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाटसप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com